# निरीक्षण आख्या

**कार्य का नाम–** प्रस्ताव संख्या FP/UK/ROAD/13065/2015 कपकोट पिण्डारी ग्लेशियर मोटर मार्ग के कि0मी0 11 से काफलीकमेडा मोटर मार्ग।

**सन्दर्भ–** MINUTS OF THE 38TH MEETING OF THE REGIONAL EMPOWERED COMMITTEE OF REGIONAL OFFICE,NORTH CENTRAL ZONE,DEHRADU HELD ON 15TH MAY,2019 (Agenda Item No-03)

आज दिनांक 22.06.2019 को कपकोट पिण्डारी ग्लेशियर मोटर मार्ग के कि0मी0 11 से काफलीकमेडा मोटर मार्ग का संयुक्त निरीक्षण श्री बलवन्त सिंह शाही प्रभागीय वनाधिकारी एंव प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना कपकोट के अधिशासी अभियन्ता श्री आर0 चन्द्रा द्वारा किया गया। संयुक्त निरीक्षण के दौरान पाया गया कि प्रस्तावित मोटर मार्ग कपकोट पिण्डारी ग्लेशियर मोटर मार्ग के कि0मी0 11 से काफलीकमेडा मोटर मार्ग हेतु प्रस्तावित है। जिसकी लम्बाई 11.250 कि0मी0 है। इस मोटर मार्ग के प्रस्तावित समरेखण में प्रारम्भिक बिन्दु पर ग्रम सभा काफलीकमेडा के विभिन्न तोक पैराड,तोक धुरडिया,तोक ग्वातली एंव तोक टोपका लाभान्वित हो रहे है। जिनकी वर्तमान में कुल जनसंख्या 1155 है।

इस सम्पर्क मोटर मार्ग के बन जाने से जहां एक ओर ग्रम सभा काफलीकमेडा के 1155 आबादी को प्रत्यक्ष रूप से लाभ पहुंचेगा वही दूसरी ओर निकटवर्ती असंयोजित ग्रम सापली,गुडग इत्यादि की संयोजकता भी भविष्य में सुनिश्चित की जानी आसान होगी।

इस सम्पर्क मोटर मार्ग के कि0मी0 52 में पेठी गांव का ( जो कि रिखाडी वाछम मोटर मार्ग से जुडा है।) निचला भाग समरेखण में आता है। मोटर मार्ग की तकनीकी आवश्कता के दृष्टिगत काफलीकमेडा पहुंचने हेतु पेठी ग्रम के निचले हिस्से पर जाना आवश्यक है।

इसके अतिरिक्त यह भी अवगत कराना है कि कपकोट ब्लाक मुख्यालय से पेठी होते हुये काफलीकमेडा तक मोटर मार्ग की दूरी लगभग 52 कि0मी0 है। जबकि काफलीकमेडा मोटर मार्ग हेतु प्रस्तावित मार्ग की कपकोट ब्लाक मुख्यालय से दूरी मात्र 11 कि0मी0 ही है।

अतः उक्त मोटर मार्ग प्रस्तावित समरेखण में ही बनाया जा रहा है , जो कि सर्वथा उपयुक्त है।

अतः आख्या सेवा में प्रेषित है।

अधिशासी अभियन्ता,
ग्रा0नि0वि0पी0एम0जी0एस0वाई0,
कपकोट

22/6/19
प्रभागीय वनाधिकारी,
बागेश्वर वन प्रभाग, बागेश्वर।

प्रभागीय वनाधिकारी
बागेश्वर वन प्रभाग
बागेश्वर